हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 13 सितंबर 2025

11 विभिन्न सेवा कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने ...



12 जलभराव से दुकानदार, किसान तथा ग्रामीण ...



**खबर संक्षेप**

### जिला न्यायिक परिसर में लोक अदालत आज

**चरखी दादरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को जिला न्यायिक परिसर में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेश कुमार ने चार बैचों का गठन कर दिया है। परिवादी अदालत में आपसी सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केस का निपटारा करा सकते हैं।

### तोशाम में आज लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**तोशाम।** न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महत्वपूर्ण पहल के तहत तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर (शनिवार) को किया जा रहा है। लोक अदालत का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीआर चालिया के कुशल मार्गदर्शन और सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पवन कुमार के सहयोग से अधिक से अधिक राजस्व संबंधी मामलों सहित अन्य वादों को निपटाने का लक्ष्य रखा गया है। एसडीजेएम ने आमजन से अपील की है कि जिन भी पक्षकारों के मामले लंबित हैं, वे लोक अदालत के माध्यम से अपने विवादों का निपटारा कर लाभान्वित हों।

### ढाणी ढोला में लाखों रुपयों के जेवरात चोरी

**लोहारू।** ढाणी ढोला में मकान में लाखों रुपयों की चोरी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने अपने दो नाबालिगों सहित तीन लोगों पर चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में ढाणी ढोला निवासी रणधीर सिंह ने बताया कि उसी के परिवार के एक 15 वर्षीय किशोर के साथ मिलकर एक अन्य किशोर ने उसके घर से लाखों रुपयों के जेवरात चोरी कर लिए। उन्होंने बताया कि दोनों किशोरों ने उसके घर से लाखों रुपये के जेवर चोरी कर लिए। बहरहाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अब खुले में नहीं बल्कि स्टील के डस्टबीन में डलेगा कचरा

## 50 लाख की लागत से सार्वजनिक जगहों पर लगाए जाएंगे 250 डस्टबीन: भवानी प्रताप

- पार्क, स्कूल, कॉलेज व सार्वजनिक जगहों पर गीला और सूखा कचरा डालने के लिए अगल अलग डस्टबीन लगाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** नारियल फोडकर स्टील डेस्बीन लगाने के कार्य का शुभारंभ करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

अब पार्क, स्कूल, कॉलेज व सार्वजनिक जगहों पर कूड़ा कचरा खुले में नहीं बल्कि स्टील के डस्टबीनों में डल सकेगा। इसके लिए नगरपरिषद ने शहर में करीब 250 स्टील के डेस्टबीन लगाने जा रही है। जिनमें एक डस्टबीन गिला तथा दूसरा सूखा कचरा डालने के लिए होगा।

ये डस्टबीन ज्यादातर उन जगहों व स्थानों पर लगाए जाएंगे। जहां पर लोगों व बच्चों की ज्यादा आवाजाही होती है। ताकि बच्चे व अन्य कोई व्यक्ति कोई भी कचरा बाहर की बजाए इनमें डाल सकें। इस अभियान के बाद स्वच्छता को ओर पंख लग जाएंगे। शुक्रवार को इस योजना नगरपरिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह , वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि संदीप सिंह ने संयुक्त रूप से नारियल फोडकर शुभारंभ किया। शहर में जितने भी पार्क व घुमने की जगह है। वहां पर बच्चे ज्यादा घुमने के लिए आते है। बच्चे घुमने के दौरान खाने की चीजे खाते है और खाली रेपर को वहीं पर डाल देते है। जिस वजह से सार्विजनिक जगहों पर गंदगी फैल जाती है।

इसी तरह बस अड्डा, कॉलेज, स्कूल व अन्य सार्वजिनक जगहों पर ये डेस्टबीन लगाए जाएंगे। क्योंकि जिस जगह पर लोगों व बच्चों का ज्यादा आवागमन होता है। उस जगह पर लोग ज्यादा कचरा बिखेरते है। अगर वहां पर डस्टबीन हो तो उसमें कचरा डाला जा सकता है। जिससे शहर व उस संस्थान की स्वच्छता को पंख जाएंगे। जिन जगहों पर ये डेस्टबीन लगाए जाएंगे। वहां पर दो तरह के डस्टबीन लगाए जाएंगे। एक में गिला कचरा तो दूसरे सूखा कचरा डाला जाएगा। ताकि किसी भी तरह के कचरे को सड़क व जमीन पर न फेंका जाए।

**स्टील के डस्टबीन में नहीं लगता जंग**

नगरपरिषद की चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि शहर की स्वच्छता को गति देने के लिए शहर में करीब पचास लाख रुपये की लागत से करीब ढाई सौ डेस्टबीन लगवाए जा रहे है। सभी डस्टबीन स्टील के होंगे। क्योकि स्टील के डस्टबीनों में गीला पदार्थ डालने के बाद जंग नहीं लगता। अगर जंग लग जाता है तो वे खतम हो जाता है,लेकिन स्टील के डस्टीबीन में इस तरह की समस्या नहीं बनती। उन्होंने बताया कि ये सभी डस्टबीन पार्क, स्कूल, शिक्षण संस्थान, चौक व चौराहों पर स्थापित करवाए जाएंगे। ताकि स्वच्छता को गति दी जा सके। उन्होंने शहर के लोगों से आहवान किया वे डेस्टबीन में कचरा डालकर स्वच्छता को गति देने में सहयोग करें।

# ट्राली के पास फिर मिला बायो मेडिकल वेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

- पंचायत प्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सूचना दी
- रैपर पर अंकित बैच नंबर से अस्पताल में आई दवाइयों के बिलों से मिलान किया जाएगा

पंचायत द्वारा कचरा निस्तारण के लिए रखी गई ट्राली में सोमवार के बाद शुक्रवार को फिर से बायो मेडिकल वेस्ट डाला हुआ मिला। इस पर पंचायत प्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सूचना दी और कड़ा रोष जताया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर वेस्ट के सैंपल एकत्रित किए और उनको अपने कब्जे में ले लिया। अधिकारियों ने कहा कि इस बारे में सभी निजी चिकित्सकों को फिर से कड़ी चेतावनी दी जाएगी।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप यादव ने बताया कि जिस अस्पताल संचालक ने यह वेस्ट डाला है उसकी पहचान की जाएगी और उसके खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि कचरे की ट्राली में डाले गए वेस्ट के सैंपल लिए गए है। कस्बे के निजी अस्पतालों में इन दवाइयों की खाली रैपर पर अंकित बैच नंबर से अस्पताल में आई दवाइयों के बिलों से मिलान किया जाएगा। जिस अस्पताल की यह दवाइयां मिलेगी, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस तरह से मेडिकल वेस्ट का खुले में डालना गलत है। यह आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। प्रयोग की गई सीरिंग, सुई, कॉटन से इसके संपर्क में आने वाले किसी भी व्यक्ति को संक्रमण हो सकता है। इसे सही तरीके से ही डिस्पोज करना अस्पताल संचालकों की जिम्मेदारी है।

**फरवरी में लिखा था पत्र**

डॉ. संदीप यादव ने बताया कि उन्होंने इस बारे में फरवरी माह में कस्बे के निजी अस्पताल संचालकों को इस बारे में पत्र लिखा गया था। उनसे कहा गया था कि वो अस्पताल से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट को खुले में न फैंके। मेडिकल वेस्ट एकत्रित करने के लिए शहर में आ रही गाड़ी से संपर्क रखें व कचरे को उसी गाड़ी में डाले। वहीं, इस बारे में बहल युवा एकता संगठन प्रधान योगेश शर्मा ने कहा कि इससे पहले सोमवार को भी मेडिकल वेस्ट इसी ट्राली में डाला गया था जिसकी खबर समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई थी। लेकिन, शनिवार को फिर से मेडिकल वेस्ट डाला गया है। यह आमजन के लिए गंभीर खतरा है।

# श्राद्ध-अमावस्या पर गोवंश को गोग्रास यानि हलवा-पूरी खिलाने पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- सांसद धर्मबीर सिंह के पत्र पर डीसी ने लिया संज्ञान

उपायुक्त साहिल गुप्ता ने श्राद्घों के दौरान व 21 सितंबर को अमावस्या पर गोवंश को गौ ग्रास यानि हलवा-पूरी खिलाने पर प्रतिबंध लगाया है। इसके साथ ही नागरिकों से गोवंश को हलवा-पूरी ना खिलाने की अपील की है।

डीसी ने जिला नगर आयुक्त, नगर परिषद भिवानी, बवानीखेड़ा, लोहारू व सिवानी नगर पालिका प्रशासन और पशुपालन एवं कृषि विभाग को गौ कल्याण संगठनों के साथ तालमेल कर लोगों में जागरूकता लाने व आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि सांसद धर्मबीर सिंह ने पत्र के माध्यम से डीसी को अवगत करवाया कि श्राद्ध के दौरान व श्राद्ध-अमावस्या पर आमजन के द्वारा धार्मिक रीति-रिवाज/भावनाओं के कारण गोवंश को हलवा-पूरी खिलाई जाती है। इसकी अत्यधिक मात्रा के चलते गौवंश की मृत्यु हो जाती है, जो कि अत्यंत हृदय-विदारक और कष्टदायक होता है। सांसद ने कहा है कि यह केवल हमारे लिए ही नहीं अपितु समाज व संस्कृति के लिए पीड़ा का विषय है। ऐसे में गोवंश की आकस्मिक मौत को बचाने के लिए गौ ग्रास के तौर पर खिलाई जाने वाली हलवा-पूरी पर प्रतिबंध लगाना जरूरी हैं। सांसद के पत्र को गंभीरता से लेते हुए डीसी ने श्राद्ध के दौरान व 21 सितंबर को अमावस्या पर गोवंश को गौ ग्रास यानि हलवा-पूरी खिलाने पर प्रतिबंध लगाया है।

*मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों को कई बार मारी थी टक्कर*

# पिकअप गाड़ी से टक्कर मारने के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- अगर न्यायालय में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया

पुलिस टीम के द्वारा गिरफ्तार आरोपी अनिल से इनोवा गाड़ी बरामद की गई है। पुलिस टीम के द्वारा दोनों आरोपियों को पेश न्यायालय में कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर किया हासिल। स्पेशल स्टाफ सिवानी ने मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों पर जान से करने के नियत से कई बार गाड़ी की टक्कर मारने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। विक्रम निवासी बहल ने थाना बहल पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल पर खेत में गए थे और शाम के समय खेत से वापस आने पर निर्माणाधीन पशु अस्पताल से थोड़ा आगे मोड पर खड़े हुए थे तभी बहल की तरफ से पिकअप गाड़ी बड़ी तेज रफ्तार से आई थी और पिकअप गाड़ी चालक ने जान से मारने की नीयत से शिकायतकर्ता व उसके साथी सहित मोटरसाइकिल को सीधे टक्कर मार दी थी गाड़ी चालक के द्वारा शिकायतकर्ता व उसके साथी पर पिकअप गाड़ी से कई बार टक्कर मारी गई थी इसके बाद आरोपियों के द्वारा शिकायतकर्ता व उसके साथी पर डंडे व रोड से जान से मारने की नीयत से हमला किया गया था जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना बहल में दर्ज किया था। अभियोग में प्रभावी कार्रवाई करते हुए स्पेशल स्टाफ सिवानी के उप निरीक्षक विनोद कुमार ने मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों पर जान से मारने की नीयत से गाड़ी से टक्कर मारने व हमला करने के मामले में दो आरोपियों को लोहारू से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विनोद उर्फ धयाला पुत्र राम सिंह निवासी बहल व अनिल उर्फ खरसू पुत्र बलराज निवासी शेरला के रूप में हुई है।

### ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज फसल खराबे की वेरिफिकेशन जल्द की जाए : डीसी

- 15 सितंबर तक किए जा सकते हैं आवेदन

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल की राजस्व व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीसी ने सभी तहसीलदारों को निर्देश देते हुए कहा कि वे पटवारियों से किसानों द्वारा दर्ज की गई फसल खराबे की वेरिफिकेशन अति शीघ्र करवाएं। फसल वेरीफाई कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए

उपायुक्त ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अत्यधिक बारिश से अनेक गांवों में फसलें खराब हुई हैं। खराबे की भरपाई के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने के निर्देश दिए, जिस पर 15 सितंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अब तक दर्ज फसलों की वेरिफिकेशन की जाए। जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार भौरिया ने बताया कि अब तक जिले के कुल 272 गांवों के 63001 किसानों ने 3,80,502.998 एकड़ फसल का खराबा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करवाया है। बहल क्षेत्र के 32 गांव के 7552 किसानों ने 41,298.271 एकड़ का खराबा दर्ज करवाया है।

# खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में प्रतिभाओं ने बिखेरे प्रतिभा के रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

जिला उपशिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने का काम करते हैं तथा विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत और जड़ो की अहसास होता है। वे शुक्रवार को स्थानीय पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे ।

कार्यक्रम का शुभारंभ बीईओ विजय प्रभा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्राचार्य एवं ऑवर ऑल इंचार्ज दर्शना कुमारी एवं नीलम कुमारी की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में नीरज शर्मा, सुरेश भारद्वाज, अजय सांगवान और बबीता कुमारी ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में खंड के विद्यालयों की करीब 50 से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया तथा विद्यार्थियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा के रंग बिखेरे। उत्सव के दौरान समूह नृत्य, एकल नृत्य, रागनी और नाटक मंचन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें हरिणवी संस्कृति के साथ साथ विभिन्न राज्यों की झलक दिखाई दी।

कार्यक्रम के दौरान बीईओ विजय प्रभा ने विद्यार्थियों को हरियाणवी संस्कृति से अवगत करवाने हेतु सेल्फ़ी कार्नर और धरोहर प्रदर्शनी भी लगाई। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने कई दशकों पहले घरों में प्रयोग किए जाने वाली वस्तुओं की जानकारी हासिल की।



**लोहारू।** कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती देते हुए। फोटो : हरिभूमि

**आकर्षक प्रस्तुति दीं**

कार्यक्रम के दौरान टोकनी पीतल की, काली-काली सी घटा छाई, बगड़ में थाली बाजेगी, छोटी सी बंदड़ी फेरा पर झगड़ी, मेरे घूंघट न मत खोलिए, मत छेड़ बालम मेरे चुनर न, भगत सिंह कदे जी घबरा, अनपढ़ का ना रहा जमाना आदि लोक धुनों छात्राओं ने आकर्षक प्रस्तुति दी।

## गांव प्रहलादगढ़ में आज होगी पंचायत

# किसान पर मुकदमा दर्ज करवाने के विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- टावर कंपनी एनआरएस एसट्रांसमिशन लिमिटिड ने प्रहलादगढ़ के किसान पर दर्ज करवाया है केस

अखिल भारतीय किसान सभा भिवानी व ग्रामीणों ने गांव प्रहलादगढ़ के एक किसान रमेश यादव के विरुद्ध टावर कंपनी एनआरएस एसट्रांसमिशन लिमिटिड द्वारा पुलिस मुकदमा दर्ज करवाने की कार्यवाही की निंदा की है तथा उसके विरोध में प्रदर्शन करके शनिवार को गांव के खेतों में निर्माणाधीन टावर के पास प्रातः 11 बजे बड़ी किसान महापंचायत बुलाने का का निर्णय लिया है।

किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल, उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश व ब्लाक सचिव करतार ग्रेवाल व अन्य साथी प्रहलादगढ़ के खेतों में कंपनी निर्माणाधीन टावर के पास जाकर पूरी स्थिति का जायजा लिया तथा पता लगाया कि किसान रमेश यादव अपने खेत में ट्रैक्टर से खेत जोत रहा था। वही दूसरी तरफ कंपनी के कर्मचारी मजदूर एक बड़े टावर को खड़ा कर रहे थे, अचानक एक कमजोर रस्सा टूटने से वह टावर के पाइप नीचे गिर गए। कंपनी के कर्मचारियों ने इसके लिए उस खेत जोत रहे किसान को जिम्मेदार ठहरा और उसकी पिटाई कर दी। उसका मोबाइल छीन लिया तथा ट्रैक्टर की चाबी छीन ली। बाद में गांव के एक नंबरदार ने किसान की छीनी हुई चाबियां व मोबाइल वापिस दिलवाया तथा किसान अपनी चोट का इलाज करवाने नागरिक अस्पताल में भर्ती हो गया। कंपनी के अधिकारियों ने उक्त किसान के विरुद्ध सदर थाना भिवानी में रिपोर्ट देकर उनके कथित तौर पर सवा करोड़ रुपये का हुए नुकसान की जिम्मेदारी उस किसान पर डालने की शिकायत कर दी। किसान संगठनों ने कम्पनी को आगाह किया है कि उसके रस्से पुराने व कमजोर थे।



**भिवानी।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए।

**कंपनी कर रही जबरदस्ती**

उधर किसान का यह कहना है कि वह अपने ट्रैक्टर से जमीन जोत रहा था, उसे नहीं मालूम कि कब कैसे टावर के लिए कसा हुआ रस्सा टूटा है। कंपनी अपनी गलती को उसके सिर मढ़ना चाहती है, उसका कोई कसूर नहीं है। उसने मुआवजे के लिए एसडीएम कोर्ट भिवानी में कंपनी व अपने भाई के विरुद्ध न्याय हेतु मामला दर्ज करवा रखा है और कंपनी जबरदस्ती उसके खेत में बगैर मुआवजा दिए टावर खड़ा कर रही है।




रेगिस्तान में चलने वाले ऊंट की 3 पलकें होती हैं।


कबूतर के पंखों का वजन उनकी हड्डियों से अधिक होता है।



# संवारें डिजिटल सेक्टर में भविष्य, सीखें स्किल



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## भारी डिमांड

### ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिज़ाइन एंड डाटा विज़ुअलाइजेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग** : कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

**ये स्किल अहम** : 1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

**डिजिटल कोर्सेज** : सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ़िक डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

**जॉब ऑप्शन्स :** डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइजर, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

**टॉप रिक्रूटर्स :** एफएमसीजी (फ्रास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

## स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग उद्यमियों के लिए एक लाभदायक विकल्प होता है। इसमें वे अपने उत्पादों और सेवाओं को व्यापक रूप से प्रचार कर सकते हैं और अधिक ग्राहकों को आकर्षित कर सकते हैं। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। इस तरह से, उद्यमी संचार के लिए कम समय और पैसे खर्च करते हैं। डिजिटल सेक्टर युवा नए क्षेत्र में रोमांचक तरीके से काम कर सकते हैं। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है। आप अपने दौर के अनुसार उचित संसाधनों और उपकरणों के साथ काम कर सकते हैं जो आपको आपकी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करते हैं। ऑनलाइन वर्क और प्लेटफ़ॉर्म्स पर सुरक्षित रहना और जिम्मेदारी से काम करना आ जाता है।

## डिजिटल सेक्टर के ट्रेंड्स

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

---

प्रोफेशनल और टेक्निकल करियर की दिशा में ले जाता यह कोर्स

# 'परफ्यूजन टेक्नोलॉजी' से मेडिकल के क्षेत्र में बनाएं शानदार करियर, सैलरी भी अच्छी



विपुल शर्मा

मोटिवेशनल स्पीकर

मेडिकल साइंस के क्षेत्र में जहां हर विभाग का अपना अलग महत्व है, वहीं परफ्यूज़निस्ट की भूमिका दिल की सर्जरी जैसे जटिल ऑपरेशनों के दौरान जीवनरक्षक बन जाती है। परफ्यूजन टेक्नोलॉजी में बीएससी कोर्स युवाओं को मेडिकल क्षेत्र में एक प्रोफेशनल और टेक्निकल करियर की दिशा में ले जाता है। परफ्यूज़निस्ट हृदय शल्यचिकित्सा (हार्ट सर्जरी) जैसे ऑपरेशनों के दौरान हृदय-फेफड़ा मशीन चलाते हैं, जो सर्जरी के समय हृदय और फेफड़ों की जगह कार्य करती है। वे सर्जरी के दौरान रक्त प्रवाह, ऑक्सीजन स्तर और दवाओं का संतुलन बनाए रखने में विशेषज्ञ होते हैं। हृदय और फेफड़ों के प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांट) में परफ्यूज़निस्ट की भूमिका अनिवार्य होती है, जबकि गुर्दा (किडनी) या यकृत (लिवर) प्रत्यारोपण में भी उनकी आवश्यकता हो सकती है। इसके अतिरिक्त, हृदय और धमनियों से जुड़ी ऑन्को-सर्जरी (कैंसर सर्जरी) में भी आवश्यकता पड़ने पर परफ्यूज़निस्ट की सेवाएं ली जाती हैं। इस क्षेत्र में किसी भी युवा के लिए करियर बनाना बेहतरीन तरीका हो सकता है। इसकी बहुत डिमांड रहती है। यदि आप भी इस क्षेत्र में करियर आजमाना चाहते हैं तो आप एक चार साल का कोर्स कर परफ्यूज़निस्ट की भूमिका निभा सकते हैं। यह आपके करियर को चार चांद लगा सकता है। साथ आप मरीज की धड़कनों से रूबरू हो सकते हैं। इसलिए हर युवा इस क्षेत्र में अपना भाग्य आजमा सकता है।

**हृदय और फेफड़ों के ट्रांसप्लांट में परफ्यूज़निस्ट की भूमिका अनिवार्य, लोगों की धड़कनों के करीब रहने वाला करियर**

## कोर्स की योग्यता

- इस कोर्स में प्रवेश के लिए छात्रों को 12वीं (फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी/ गणित के साथ) न्यूनतम 50/55% अंकों से पास होना जरूरी है। सरकारी संस्थानों में केवल प्रवेश परीक्षा (**Entrance Test**) के आधार पर ही दाखिला होता है।

## प्रवेश परीक्षा के आधार पर होता दाखिला



## यहां मिलेंगे नौकरी के अवसर

इस कोर्स के बाद छात्र कार्डियक सर्जरी विभागों, मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स, आईसीयू यूनिट्स और हार्ट रिसर्च सेंटर में काम कर सकते हैं। सरकारी और निजी दोनों ही सेक्टर में इस प्रोफेशन की मांग लगातार बढ़ रही है।

## प्रमुख संस्थान जहां से कर सकते हैं कोर्स

- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली
- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश
- जवाहरलाल आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पुदुच्चेरी
- पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़ (स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़)
- पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़, रोहतक (स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, रोहतक)
- अमृता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ एंड रिसर्च, कोच्चि (अमृता आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, कोच्चि)
- यू. एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर, अहमदाबाद (यू. एन. मेहता हृदय रोग एवं अनुसंधान केंद्र, अहमदाबाद)
- क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर

## निष्कर्ष

परफ्यूजन टेक्नोलॉजी मेडिकल क्षेत्र का वह विशेष हिस्सा है जो सर्जरी के दौरान मरीज की जान बचाने का कार्य करता है। अगर आप टेक्निकल ज्ञान के साथ मेडिकल सेवाओं में रुचि रखते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसमें स्किल्स और अनुभव के साथ करियर की ऊंचाइयों तक पहुंचने के अवसर मौजूद हैं।



## यह मिल सकता है वेतनमान

- क्षेत्र में शुरुआती वेतनमान 40,000 से 45,000 प्रतिमाह होता है। अनुभव के साथ यह वेतन 1,00,000 से 1,50,000 प्रतिमाह तक पहुंच सकता है। विदेशों में परफ्यूज़निस्ट की बहुत अधिक मांग और आकर्षक वेतन पैकेज होता है।
- **B.Sc in Perfusion Technology** की अवधि 4 वर्ष की होती है, जिसमें अंतिम वर्ष में इंटर्नशिप शामिल रहती है। कोर्स में थ्योरी, सर्जिकल एक्सपोज़र व क्लीनिकल ट्रेनिंग का समावेश होता है। यह आपके लिए एक बेहतर अवसर हो सकती है।

### क्या है टेक्नोलॉजी

- यह चिकित्सा विज्ञान की वह शाखा है जो प्रक्रियाओं के दौरान हृदय और फेफड़ों के कार्य का समर्थन करने और संभालने के लिए उपकरणों का उपयोग करती है।
- यह तकनीक हृदय-फेफड़े की मशीन (हार्ट-लंग मशीन) और अन्य जीवन रक्षक प्रणालियों जैसे कि **IABP**, **LVAD**, **RVAD** और **ECMO** के संचालन पर केंद्रित है।
- इसका मुख्य उद्देश्य सर्जरी के दौरान रोगी के शरीर में पर्याप्त ऑक्सीजनेशन (ऑक्सीजन का संचार) और परिसंचरण (रक्त प्रवाह) सुनिश्चित करना है।
- परफ्यूजन टेक्नोलॉजिस्ट सर्जिकल टीम का सदस्य होता है।
- हृदय और फेफड़ों की सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन और उपकरणों को संचालित करते हैं।
- वे रोगी की शारीरिक स्थिति की निगरानी करते हैं और सर्जरी के दौरान आवश्यक दवाओं और रक्त उत्पादों का प्रशासन सुनिश्चित करते हैं।

## इसलिए कर सकते हैं कोर्स

- परफ्यूज़न टेक्नोलॉजी का कार्डियोलॉजी से गहरा संबंध है, क्योंकि यह हृदय संबंधी उपचारों और प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परफ्यूज़निस्ट, कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग (सीएबीजी) या वाल्व रिप्लेसमेंट जैसी सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन का प्रबंधन करने के लिए हृदय रोग विशेषज्ञों और हृदय शल्य चिकित्सकों के साथ मिलकर काम करते हैं, जहाँ वे रक्त का उचित संचार और ऑक्सीजनीकरण सुनिश्चित करते हैं।
- यह सहयोग कार्डियोलॉजी में महत्वपूर्ण है, जहां सटीक और कुशल परफ्यूजन तकनीक हृदय शल्य चिकित्सा और अन्य हृदय संबंधी हस्तक्षेपों की सफलता को सीधे प्रभावित करती है।
- **मांग में पेशे**: बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी स्नातक आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर हैं, विशेष रूप से हृदय शल्य चिकित्सा और हृदय-फेफड़े की मशीनों से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रक्रियाओं में।
- **विशिष्ट कौशल सेट**: बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी छात्रों को सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन जैसे जीवन रक्षक उपकरणों को संचालित करने के लिए तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल से लैस करती है।
- **विविध कैरियर के अवसर**: बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी स्नातक अस्पतालों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक संस्थानों में काम कर सकते हैं, या कार्डियोवैस्कुलर विज्ञान या संबंधित क्षेत्रों में आगे की पढ़ाई कर सकते हैं।

---

# लोगों और जानवरों के लिए हाथ बढ़ाएं भारत को आपदा प्रबंधन में सशक्त बनाएं



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारत एक ऐसा देश है जहां प्रकृति की सुंदरता और विविधता के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाएं भी आती हैं। बाढ़, भूकंप, चक्रवात, सूखा और भूस्खलन जैसी आपदाएं हर साल लाखों लोगों और जानवरों के जीवन को प्रभावित करती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आप, एक युवा और ऊर्जावान छात्र के रूप में, इन आपदाओं में बदलाव ला सकते हैं? आपकी छोटी-छोटी कोशिशें न केवल लोगों और जानवरों की जान बचा सकती हैं, बल्कि भारत को आपदा प्रबंधन में सशक्त भी बना सकती हैं। यह लेख आपको प्रेरित करने के लिए है कि कैसे आप आपदा पर्यावरण में मदद कर सकते हैं, लोगों और जानवरों के लिए सहायता का हाथ बढ़ा सकते हैं, और आपदा प्रबंधन के महत्वपूर्ण कौशल विकसित कर सकते हैं।

## एक पोस्ट बचा सकती हैं हजारों जिंदगियां

**आपदा में सहायता की आवश्यकता क्यों?** : भारत में हर साल प्राकृतिक आपदाएं लाखों लोगों को प्रभावित करती हैं।

**पंजाब की वर्तमान स्थिति और छात्रों की भूमिका**: जागरूकता और सावधानियां फैलाकर योगदान दें। प्रिय छात्रों, आज का समय चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह आपके जैसे युवा योद्धाओं के लिए अवसर है कि आप अपनी शक्ति से बदलाव लाएं। सितंबर 2025 में, पंजाब भयंकर बाढ़ की चपेट में है। भारी बारिश ने नदियों को उफान पर ला दिया है, हजारों लोग बेघर हो गए हैं, स्कूल-कॉलेज बंद हैं, और लाखों प्रभावित हैं। गांव डूबे हुए हैं, सड़कें जलमग्न हैं, और जीवन अस्त-व्यस्त है। लेकिन याद रखो, हर संकट में एक नई शुरुआत छिपी होती है। आप, छात्रगण, घर बैठे भी इस लड़ाई में शामिल हो सकते हैं – सोशल मीडिया के माध्यम से। सोशल मीडिया आपका हथियार है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स , और व्हाट्सएप पर अपनी आवाज बुलंद करो। जागरूकता फैलाओ, सावधानियां साझा करो, और लोगों को प्रेरित करो। तुम्हारी एक पोस्ट हजारों जिंदगियां बचा सकती है।

**जागरूकता फैलाएं**: बाढ़ की ताजा खबरें शेयर करें – सरकारी अलर्ट, बचाव कार्यों की अपडेट्स। पोस्ट में लिखें। पंजाब की बाढ़ में हम सब साथ हैं। जानकारी बचाएगी जान। हैशटैग जैसे **#PunjabFloods**2025, **#StaySafePunjab** इस्तेमाल करें। अपनी स्टोरी में वीडियो बनाओ जहां तुम बताओ कि बाढ़ क्यों आई और कैसे रोक सकते हैं।

**सावधानियां सिखाएं**: लोगों को बताओ कि बाढ़ में क्या करें और क्या न करें। उदाहरण-

- ऊंचे स्थानों पर जाएं, बाढ़ के पानी में न उतरें – यह जानलेवा हो सकता है।
- साफ पानी पिएं, उबला पानी इस्तेमाल करें ताकि बीमारियां न फैलें।
- बिजली के तारों से दूर रहें, और बच्चों को पानी के पास न खेलने दें।
- आपातकालीन नंबर (112 या स्थानीय हेल्पलाइन) शेयर करें।

अपनी पोस्ट में कहो, एक छोटी सावधानी, बड़ा बचाव! आओ, मिलकर पंजाब को मजबूत बनाएं।

**प्रेरणा दें**: दान अभियान शुरू करो – राहत सामग्री, दवाइयां, या फंडरेजर। अपनी क्लासमेट्स को जोड़ो, ग्रुप बनाओ। कहो: ₹हम छात्र हैं, हम बदलाव हैं! आज की आपदा कल की मजबूती बनेगी।

## सोशल मीडिया से क्रांति लाओ

घर बैठे सोशल मीडिया से क्रांति लाओ। तुम्हारी जागरूकता से कोई परिवार बचेगा, कोई गांव सुरक्षित होगा। उठो, पोस्ट करो, और दुनिया को दिखाओ कि युवा शक्ति क्या कर सकती है। जय हिंद, जय पंजाब। छात्रों के रूप में, आपके पास समय, ऊर्जा और सीखने की क्षमता है। आप न केवल तत्काल सहायता प्रदान कर सकते हैं, बल्कि दीर्घकालिक समाधान भी विकसित कर सकते हैं। महात्मा गांधी ने कहा था, "विश्व में जो बदलाव आप देखना चाहते हैं, वह स्वयं बनें।" आपदा प्रबंधन में आपका योगदान भारत को अधिक सुरक्षित और लचीला बना सकता है। यह न केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी है, बल्कि आपके व्यक्तिगत विकास और नेतृत्व कौशल को बढ़ाने का अवसर भी है।

आपदा में लोगों और जानवरों की मदद कैसे करें? आपदा के समय सक्रिय होना सबसे महत्वपूर्ण है। यहां कुछ व्यावहारिक और प्रभावी तरीके दिए गए हैं जिनसे आप मदद कर सकते हैं:

**स्वयंसेवी कार्यों में भाग लें** : लोगों की मदद: स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) जैसे रेड क्रॉस, गो ग्रीन, या अन्य राहत संगठनों से जुड़ें। आपदा के दौरान राहत सामग्री जैसे भोजन, पानी, दवाइयां, कंबल और कपड़े वितरित करने में मदद करें। उदाहरण के लिए, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में सहायता करें या अस्थायी आश्रय स्थलों में उनकी देखभाल करें।

**जानवरों की सहायता**: आपदाओं में पशु भी उतने ही प्रभावित होते हैं जितने लोग। आवारा कुत्तों, बिल्लियों, या अन्य पशुओं को भोजन और पानी प्रदान करें। पशु चिकित्सा कैंप में स्वयंसेवक बनें, जहां घायल जानवरों का इलाज होता है। संगठन जैसे पेटा इंडिया या ब्लू क्रॉस ऑफ इंडिया के साथ मिलकर काम करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्न में कौन सी भाषा संस्कृत भाषा की अपभ्रंश है?
(ए) खड़ी बोली (बी) ब्रजभाषा
(सी) अवधी (डी) पालि

**2.** अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास किस लिपि से हुआ?
(ए) शारदा लिपि (बी) खरोष्ठी लिपि
(सी) कुटिल (डी) ब्राह्मी लिपि

**3.** हिंदी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?
(ए) गुरुमुखी (बी) ब्राम्ही
(सी) देवनागरी (डी)सौराष्ट्री

**4.** वर्तमान हिंदी का प्रचलित रूप है?
(ए) अवधी (बी) ब्रजभाषा
(सी) खड़ी बोली (डी) देवनागरी

**5.** हिन्दी भाषा की बोलियों के वर्गीकरण के आधार पर छतीसगढ़ी बोली है?
(ए) पूर्वी हिन्दी (बी)पश्चिम हिन्दी
(सी)पहाड़ी हिन्दी (डी)राजस्थानी

**6.** निम्नलिखित में से कौन सी पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है ?
(ए) बुन्देली (बी) ब्रजभाषा
(सी) कन्नौजी (डी) बघेली

**7.** भारतीय संविधान में किन अनुच्छेदों में राजभाषा संबंधी प्रावधानों का उल्लेख है ?
(ए)343-351 तक (बी)434-315 तक
(सी)443-135 तक(डी) 334-153 तक

**8.** दक्षिणी भारत हिन्दी प्रचार सभा का मुख्यालय कहां स्थित है ?
(ए) हैदराबाद (बी) बंगलौर
(सी) चेन्नई (डी)मैसूर

**9.** हिन्दी भाषा के विकास का सही अनुक्रम कौन-सा है ?
(ए) पालि-प्राकृत-अपभ्रंश -हिन्दी
(बी) प्राकृत-अपभ्रंश-हिन्दी-पालि
(सी) अपभ्रंश-पालि-प्राकृत-हिन्दी
(डी) हिन्दी-पालि-अपभ्रंश-प्राकृत

**10.** संविधान के अनुच्छेद 351 में किस विषय का वर्णन है ?
(ए) संघ की राजभाषा
(बी) उच्चतम न्यायालय की भाषा
(सी) पत्राचार की भाषा
(डी) हिन्दी के विकास के लिए निर्देश

**उत्तर** 1.(डी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(ए) 6.(डी) 7.(ए) 8. (सी)9. (ए) 10. (डी)

## खबर संक्षेप

### सतित्व है नारी की परम शक्तिः स्वामी प्रणवपुरी

**चरखी दादरी ।** श्री महंत स्वामी प्रणवपुरी ने कहा है कि सतीत्व नारी का परम धर्म है। जो स्त्री केवल अपने पति परमेश्वर के आज्ञा अनुसार जीवन व्यतीत करती है, उसको तीनों लोकों में पूजा जाता है। आदर्श धर्मशाला में मां दुर्गा सेवा दल द्वारा आयोजित राम कथा ज्ञान यज्ञ में माता अनुसुइया के जीवन चरित्र का उल्लेख किया।

### महिला महाविद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन

**चरखी दादरी।** महिला कॉलेज झोझू कलां में स्वच्छता सप्ताह अभियान के तीसरे सप्ताह में एनएसएस इकाई प्रथम व द्वितीय द्वारा पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, निबंध लेखन व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग में मनीषा प्रथम, शशि द्वितीय और कविता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन में सोनिया, शशि व पल्लवी, निबंध लेखन में प्रीती, शशि व भावना व भाषण प्रतियोगिता में पल्लवी प्रथम रही।

### केराजगढ रोड पर जर्जर हालत में बिजली के पोल

**बहल।** कस्बे केराजगढ रोड पर सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को दिए गए मकानों में बिजली सप्लाई के लिए लगाए गए पोल जर्जर अवस्था में है। कुछ पोल तो बीच से टूट गए है जो कभी गिर सकते हैं और उनसे हादसा हो सकता है। पर, बिजली निगम इससे बेखबर है। गौरतलब है कि कस्बे के राजगढ रोड पर सरकार द्वारा बीपीएल परिवारों को 100-100 गज के प्लाट दिए गए है।

### नशे की रोकथाम को पर प्रतियोगिता का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कानूनी साक्षरता क्लब द्वारा नशे की रोकथाम को लेकर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या संतोष भाकर के आदेशानुसार आयोजित प्रतियोगिता में क्लब के नॉडल अधिकारी प्रवक्ता राजेन्द्र कुमार ने अपनी अहम भूमिका अदा की।

### कार्तिक ने प्राप्त किया तृतीय स्थान

**भिवानी।** अणुव्रत्त समिति के द्वारा राष्ट्रीय स्तर अणुव्रत सृजनात्मक प्रतियोगिता का आयोजन अहमदाबाद में किया गया जिसमें के. एम. पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में ग्रुप -2 से छात्र कार्तिक ने एकल गायन में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्र कार्तिक विद्यालय का होनहार छात्र है जो शैक्षणिक के साथ- साथ हर एक प्रतियोगिता मेंअपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करता है और पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का अपने माता-पिता का नाम गौरवान्वित करता है । छात्र का मार्गदर्शन विद्यालय संगीत शिक्षक चंद्र प्रकाश मेहता ने किया। अणुव्रत समिति के द्वारा छात्र को मिक्सर जूसर व प्रशस्ति पत्र तथा भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

---

भाजपा कार्यालय में सेवा पखवाड़ा को लेकर बैठक

# विभिन्न सेवा कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

**समाज के कमजोर वर्गों तक भाजपा की सेवा भावना को पहुंचाने का संकल्प है सेवा पखवाड़ा : कौशिक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को भाजपा जिला अध्यक्ष विरेन्द्र कौशिक की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा को लेकर भिवानी विधानसभा के चारों मंडलों के पदाधिकारियों के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक संदीप श्योराण एवं हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाइस चेयरमैन वीरेंद्र बडगुजर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। जिसके तहत विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिन कार्यक्रमों को सफल बनाने की जिम्मेवारी प्रत्येक कार्यकर्ता की है तथा कार्यकर्ता अपनी इस जिम्मेवारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करते हुए कहा भाजपा के एक सच्चा सिपाही होने का उदाहरण प्रस्तुत करें। कौशिक ने कहा कि सेवा पखवाड़ा भाजपा का केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्ग, जरूरतमंदों और वंचितों तक सेवा की भावना पहुंचाने का संकल्प है। उन्होंने मंडल स्तर पर जिम्मेदारियां सौंपते हुए अपील की कि प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान को सफल बनाने के लिए तत्परता से कार्य करे। बैठक में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाले विभिन्न सेवा कार्यक्रमों जैसे स्वास्थ्य जांच शिविर, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और रक्तदान शिविर को लेकर भी चर्चा हुई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।



भिवानी। आयोजित बैठक में एकत्रित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए।

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर जिला महामंत्री रमेश पचेरवाल, रेखा राघव, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रजापति, राजेश जांगड़ा, केके ग्रोवर, शालू अरोड़ा, सोनिया अत्री, जिला मीडिया प्रभारी राकेश मिश्रा, अंकित पालुवास, सूर्य प्रताप, मनोज ढ़ाणा, शिवराज बागड़ी, नवीन गुप्ता, पवन सैनी, रामकिशन राजगढ़ सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे*

---

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेंगी गतिविधियां

# ऐतिहासिक धरोहरों पर सफाई अभियान चलेगा

- स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के आयोजित होंगी जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिला में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान के अंतर्गत जिला में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

उपायुक्त डा मुनीष नागपाल के निर्देशों पर शुक्रवार को जिला परषिद के सीईओ डॉ. विरेन्द्र सिंह और सीटीएम प्रीति रावत ने समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि यह अभियान फिलहाल जारी स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के साथ शुरू होगा और यह स्वच्छता व पर्यावरण की निरंतरता के प्रति देश व प्रदेश की प्रतिबद्धता के लिए एक महत्वपूर्ण कदम रहेगा। इस अवधि के दौरान जिला की चयनित ऐतिहासिक धरोहरों पर सफाई अभियान भी चलाया जाएगा। अभियान के लिए एक राष्ट्रव्यापी योजना बनाई गई है, जिसमें एकल-उपयोग के प्लास्टिक को खत्म करने और पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। एसएचएस 2025 के अनुरूप, भारतीय पुरातत्व मंत्रालय ने चयनित पर्यटक स्थल व ऐतिहासिक धरोहरों पर इस व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया है।

**कचरे का निपटान होगा**

अभियान का मुख्य उद्देश्य कारगर तरीके से कचरा निपटान की सुविधा प्रदान करना, स्वच्छता सुविधाओं को बढ़ाना और पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाने को प्रोत्साहित करते हुए एकल-उपयोग के प्लास्टिक को खत्म करना है। व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, स्कूल, कॉलेज सक्रिय रूप से इस प्रयास में भाग लेंगे।

---

# आरपीएस स्कूल ने सीबीएसई नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप में जीता ब्रॉन्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महेंद्रगढ़

सीबीएसई द्वारा आयोजित नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल की फुटबॉल टीम ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता भोपाल में आयोजित की गई, जहां विदेशों एवं देश से विभिन्न राज्यों व क्लस्टर की श्रेष्ठ टीम भाग लेने पहुंची थी। रोमांचक मुकाबलों के बीच आरपीएस विद्यालय महेंद्रगढ़ की टीम ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना के बल पर तीसरा स्थान हासिल किया।

विद्यालय के खिलाड़ियों ने न केवल विद्यालय का मान बढ़ाया, बल्कि जिले और प्रदेश का नाम भी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। खिलाड़ियों के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन से विद्यालय तथा क्षेत्रवासियों में हर्ष और गर्व की लहर दौड़ गई है। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव तथा प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने विजेता टीम और उनके कोच को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि इस सफलता से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास और अधिक बढ़ेगा तथा अन्य खिलाड़ी भी प्रेरणा लेकर भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करेंगे। यह उपलब्धि न केवल खेल प्रतिभा का प्रतीक है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि आरपीएस विद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में भी विद्यालय के खिलाड़ी देश-विदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और प्रदेश का नाम ऊंचा करेंगे।



### रवि महमिया को पार्टी ने सौंपी नई जिम्मेदारी

**बहल।** भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि महमिया को पार्टी ने नई जिम्मेवारी दी है। पार्टी ने रवि महमिया को 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक चलने वाले आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के लिए भिवानी जिला संयोजक बनाया गया है। उनके साथ संजय शर्मा, रेणु बाला सैनी व काशीराम को सह संयोजक बनाया गया है।

रवि महमिया की नियुक्ति पर बहल क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविन्द्र मंढोली, सरपंच साधूराम पनिहार, पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, सतबीर चैहड़ कलां, रामवतर बंसल, पूर्व चेयरमैन सुशील केडिया, पवन शर्मा सुरपुरा कलां, हनुमान शर्मा, डॉ. विजेन्द्र सुरपुरा, अजय श्योराण बिधनोई, सज्जन फौजी बिधनोई, डॉ. सुमन श्योराण सहित अन्य कार्यकर्ताओ ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि रवि महमिया को संगठन का लंबा अनुभव है जो इस अभियान की सफलता में काम आएगा।

---

# हलवासिया विद्या विहार में हिंदी दिवस मनाया

*छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

हलवासिया विद्या विहार में हिंदी दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वैश्य कॉलेज से सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ बुद्धदेव आर्य पधारे। छात्रों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर हिंदी भाषा के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया।

छात्रा देविका परमार ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा कि मातृभाषा का सम्मान करना प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है। हिंदी आज विश्व में दूसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है और साहित्य, पत्रकारिता, शिक्षा एवं फिल्म जगत के माध्यम से इसकी पहचान और भी सशक्त हुई है। छात्र आर्यन एवं यानिक सोनी ने कविता के माध्यम से छात्रा इशिका और भाविका ने हिंदी गीत पर नृत्य, छात्रा निधि ने हिंदी से जुड़े रोचक तथ्य प्रस्तुत किए वहीं आचार्या किरण मखीजा ने गीत के माध्यम से अपने विचार सांझा किए।मुख्य वक्ता बुद्धदेव आर्य ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा- हिंदी हमारी प्रतिदिन की भाषा है, भावों की सहज अभिव्यक्ति का सबसे सरल और वैज्ञानिक माध्यम है। किसी भी राष्ट्र की अस्मिता उसकी भाषा से जुड़ी होती है। यदि हम अपनी राष्ट्रभाषा की कीमत पर विदेशी भाषाओं को प्राथमिकता देंगे, तो उससे बड़ा राष्ट्रद्रोह और कुछ नहीं हो सकता। इस अवसर पर विभाग प्रमुख अलेक्जेंडर दास,अमरेंद्र कुमार आचार्या प्रतिभा गोयल, ममता शर्मा, आचार्य मुकेश कुमार, रमेश बंसल, अनिल मणि तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।




---

### विधायक ने खुला दरबार लगा सुनीं जनसमस्याएं

**चरखी दादरी ।** विधायक सुनील सांगवान ने शुक्रवार को अपने निवास पर आमजन की समस्याएं सुनने के लिए खुला दरबार लगाया। इस दौरान लोगों ने गलियां कच्ची होने, नाले अवरुद्ध होने, सीवरेज, बिजली व शहर में जाम की समस्या समेत कई अन्य समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने मौके पर मौजूद संबंधित विभाग अधिकारियों को आमजन की समस्याओं को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि वह सभी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। आम नागरिकों की जरूरतें बिजली, पानी, सड़क, सफाई का समाधान दादरी के विकास का पहला कदम होगा। विधायक ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को लोगों की जनसमस्याओं के जल्द समाधान करने के लिए कहा। विधायक सुनील सांगवान ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि जनता की सामूहिक समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। जनता की समस्याओं का जल्द समाधान हो और अधिकारी इसकी जल्द प्रगति रिपोर्ट दें।

# अस्थाई पानी के स्त्रोतों की पहचान करके डलवाई गम्बुजिया मछली : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। तोशाम

एसडीएम रवि मीणा (आईएएस) ने कहा कि मौजूदा समय में वर्षा के कारण मच्छरो से पैदा होने वाली बीमारियों को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। इस समय में मच्छर जनित बीमारियों के बढ़ने की आशंका बनी रहती है, लेकिन नागरिक सावधानी बरत कर इन बीमारियों से बच सकते हैं।

गांव दांग खुर्द, दांग कलां, सांगवान एवं बीरन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। वहीं गांवों में जहाँ-जहाँ पानी जमा था, वहाँ गैंबूसिया मछली छोड़ी गई एवं काला तेल ,डिज़ेल ऑयल, डाला गया ताकि मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जा सके। विकास एवं पंचायत विभाग के सहयोग गावों में मच्छरों की रोकथाम के लिए फॉगिंग अभियान भी चलाया गया है। जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग टीमें ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल सप्लाई टैंकरों के जरिये दे रही हैं।

इसके अलावा प्रशासन द्वारा बाढ राहत कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। पानी निकालने के लिए लगाए पम्प सैटो को निरंतर चल रहे हैं और अधिकारियो द्वारा मौके पर निगरानी सुनिश्चित की जा रही है। बरसाती पानी से घिरे गांवों में डेंगू और मलेरिया की रोकथाम करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है और यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य बनता है कि वह अपने आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखें।

**डेंगू से ऐसे करें बचाव...**

एसएमओ सुधीर ने कहा कि घर में कहीं भी पानी को खड़ा ना रहने दे, पूरी बाजू के कपड़े पहने, रात को सोते समय मच्छर दानी या मोस्किटो रिफलेंट का प्रयोग करें। बुखार आने पर नजदीक सरकारी या अन्य अस्पताल में जाकर उचित इलाज करवाएं। अगर प्लेट लेट्स कम हो गई है तो उसे तुरंत सुरक्षित अस्पताल ले कर जाए। मलेरिया अधिकारी ने बताया कि एडीज मच्छर के काटने के चार से पांच दिन में पीड़ित को तेज बुखार होता है। कई बार बुखार के साथ इतना तेज दर्द होता है कि सामान्य भाषा में इसे हड्डी तोड़ बुखार भी कहा जाता है। भूख न लगना, उल्टी-दस्त, गले में खरास, पेट दर्द और लिवर में सूजन इसके अन्य लक्षण हैं। चिकित्सकों ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे घर या आसपास पानी नहीं जमा होने दें। कूलर, गमला या अन्य खाली बर्तन कहीं भी पानी जमा करके नहीं रखें। खुद को मच्छरों से बचाएं, इसके लिए खिड़कियों-दरवाजों में जाली व सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर के आसपास साफ-सफाई करें, फॉगिंग करवाएं ।

---

तीन युवकों का करवाया था रेस्क्यू

# जांगिड़ ब्राह्मण महासभा ने सांसद धर्मबीर का किया अभिनंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

गांव बख्तावरपुरा तहसील सिवानी जिला भिवानी के जांगड़ा समाज के तीन युवक अमित पुत्र राजबीर, सुनील पुत्र बलबीर और सूरज पुत्र जोगेंद्र कबूतरबाजी का शिकार होकर अमृतसर से बैंकॉक (थाईलैंड) गए थे। इसके बाद इन्हें किसी कंपनी में म्यांमार भेज दिया गया जहां पर म्यांमार की फौज ने 21 जुलाई 2025 को इन सभी युवकों को बंदी बना लिया था। ये तब से म्यांमार की आर्मी की कैद में थे। गांव बख्तावरपुरा के राजबीर, बलबीर आदि नागरिकों ने भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह से इन युवाओं को म्यांमार से रेस्क्यू करवाने के लिए अनुरोध किया था। सांसद धर्मबीर सिंह के विशेष प्रयास से ये तीनों युवा आज स्वदेश पहुंच गए। इस खुशी में जिला जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी एवं मौजिज व्यक्तियों ने सांसद धर्मबीर सिंह का उनके आवास पर अभिनंदन किया और उनका धन्यवाद किया।

### दो दिवसीय असेसमेंट को लेकर ट्रेनिंग का हुआ आयोजन

**बवानीखेड़ा।** शिक्षा विभाग द्वारा दूसरी व तीसरी कक्षा के बच्चों के लिए असैसमेंट करवाई जानी है जिसके लिए टीजीटी, पीजीटी की ड्यूटी लगाई गई है। इसको लेकर बवानी खेड़ा के वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कलस्टर के अंतर्गत आने वाले दो दर्जन से अधिक टीजीटी, पीजीटी के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्या संतोष भाकर ने अपनी अहम भूमिका अदा की व प्रशिक्षण की शुरूवात की। तत्पश्चात एबीआरसी राज कुमारी ने प्रशिक्षण में बताया कि दूसरी व तीसरी कक्षा के असैसमेंट की परीक्षा 15 व 16 सितंबर को होनी निर्धारित की गई है। जिसमें 15 को हिन्दी व 16 को गणित की असेसमेंट होगी। इसमें 30 विद्यार्थियां पर एक शिक्षक इससे अधिक पर दो की तैनाती की गई है जो निर्धारित विद्यालय पहुंचने पर ऑनलाइन अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने पश्चात निपुण हरियाणा शिक्षक ऐप पर शिक्षक की आईडी व जन्मतिथि आदि से ऐप को खोलकर बच्चों की असेसमेंट करेगे।

---

तुरंत राहत पैकेज दे सरकार : सांसद

# दीपेंद्र हुड्डा ने किया जलभराव से प्रभावित गांवों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। चरखी दादरी

- स्पेशल गिरदावरी कराकर किसानों को कम से कम 60 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने दादरी के बाढ़ग्रस्त गांव निमली, समसपुर का दौरा कर बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण किया और किसानों की समस्याएं सुनी। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि बड़े पैमाने पर फसल बर्बाद हुई है। कई जगह तो शत प्रतिशत फसल खराब हो गई तो कई जगह अगली बुवाई की उम्मीद भी खत्म हो गई है। उन्होंने सरकार के रवैये को असंवेदनशील बताते हुए कहा कि जनमत चोरी की बुनियाद पर खड़ी बीजेपी सरकार उस किसान के दर्द को क्या जाने जिसकी फसल जलभराव से बर्बाद हो गई है। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि अभी तक पानी निकासी से लिए ठोस प्रबंध नहीं किए गए। कहीं मोटर नहीं आयी, कहीं पाइप नहीं पहुंची तो कहीं बिजली की लाइन नहीं जुड़ी। बीजेपी सरकार क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलकर जनता की आंखों में धूल झोंककर अपनी जिम्मेदारी से पीछा छुड़वाना चाहती है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों को बाढ़ ग्रस्त घोषित करना चाहिए और लोगों को राहत देने के लिए तुरंत राहत पैकेज घोषित करना चाहिए। उन्होंने मांग करी कि युद्धस्तर पर जल निकासी के प्रबंध हों साथ ही स्पेशल गिरदावरी करके किसानों को कम से कम 60 हजार रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा घरों, दुकानों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाए।

---

स्नातक स्तर के विद्यार्थियों में पीयूष को मिस्टर फ्रेशर व कीर्ति को मिस फ्रेशर चुना

# वैश्य महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने फ्रेशर पार्टी की आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

वैश्य महाविद्यालय भिवानी के सभागार मे महाविद्यालय के स्वपोषित विभाग एवं बी कॉम एडेड के छात्र-छात्राओं द्वारा बीबीए, बीसीए, बीकाम, एमएससी मैथ, एमकॉम, एमएससी कम्प्यूटर साइंस के फाइनल इयर के छात्र-छात्राओं द्वारा फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

फ्रेशर पार्टी की शुरूआत वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ संजय गोयल,वैश्य महाविद्यालय के स्वपोषित विभाग की निदेशक डॉ. प्रोमिला सुहाग,वैश्य महाविद्यालय के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ पवन गुप्ता, द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि जब भी हमारे बीच कोई नया व्यक्ति आता है तो हम अपनी संस्कृति और परम्परा के अनुरूप उसका स्वागत करते हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वो अपनी क्षमता के अनुसार अपने उज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़े।इसी मूलमंत्र के साथ उन्होंने कहा कि शिक्षकों व अभिभावकों का कर्तव्य है कि वो अपने बच्चों को संस्कारवान बनाएं, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग ने कहा कि विधार्थियों को चाहिए की वो अपने भविष्य की नींव मजबूत करने के लिए एकाग्रता के साथ अपना लक्ष्य निर्धारण करते हुए आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि फ्रेशर विद्यार्थियों को अपने सीनियर विद्यार्थियों से प्रेरणा लेकर बड़ी मेहनत एवं निष्ठा के साथ आगे बढ़ना चाहिए। फ्रेशर पार्टी में निर्णायक मंडल की भूमिका प्राध्यापिका, सुनिधि,पारुल एवं साक्षी ने निभाई। फ्रेशर पार्टी में मंच का सफल संचालन एम एस सी की छात्रा निशा एवं पुनम ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर आयोजित रंगारंग कार्यक्रमों की श्रृंखला में सबसे पहले बी बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा अंशु ने धार्मिक गीत गणपति बप्पा मोरिया पर बेहतरीन नृत्य की प्रस्तुति दी। बी बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा योगिता एवं दिक्षु ने हरियाणवी गीत म्हारे गाम मय एक पटोला तू, हाय हाय मरजानी करय ओहला तु पर बेहतरीन प्रस्तुति दी। बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा कीर्ति ने गीत हुई अम्मा उई अम्मा पर बेहतरीन डांस की प्रस्तुति दी। बी बी ए प्रथम वर्ष की छात्राओं योगिता, दिक्षु, खुशी,कशिश, अंशु एवं तनु ने हरियाणवी गीत करकय घणी हंगाई तू गिरकाया ना करय, हाय हाय मरजानी तड़फाया ना करय पर ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी। बी बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी एवं कशीश ने गीत छम्मक छल्लों पर पर बेहतरीन डांस की प्रस्तुति दी। इसके अलावा अनेकों फ्रेशर व सीनियर विद्यार्थीयो ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों के लिए आयोजित विभिन्न टास्क, रेंपवॉक,डांस, कविता,स्लोगन टाइटल, एक्टिंग, चुटकुले एवं मिमिक्री में स्टाफ सदस्यों ने बेहतरीन प्रस्तुति देते हुए अनेकों पुरस्कार जीते। प्राध्यापक रितेश गोयल ने मिमिक्री के माध्यम से विभिन्न आवाजे निकालकर दर्शको को खुब गुदगुदाया।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व प्रतिभागी।

**डॉ पवन गुप्ता ने आभार प्रकट किया**

*फ्रेशर पार्टी को सफल बनाने में छात्र विकास बंसल,वरुण गर्ग, तुषार गुप्ता, श्याम जालान,वंश गुप्ता, अमन, एवं अतुल सहित अनेकों छात्र एवं छात्राओं का अहम योगदान रहा। फ्रेशर पार्टी के अंत में वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ पवन गुप्ता ने आए हुए अतिथियों एवं फ्रेशर पार्टी के आयोजक छात्र-छात्राओं का सफल आयोजन के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।*

खबर संक्षेप

## प्रतियोगिता में अंगद सदन ने बाजी मारी

**चरखी दादरी।** मौड़ी गांव स्थित सीबीएस स्कूल में हिंदी दिवस पर हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का संचालन हिंदी प्रवक्ता सुमन दहिया ने किया। जिसमें अंगद सदन पहले स्थान, अभिमन्यु सदन ने द्वितीय स्थान व गरुड़ सदन तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में दर्शकों से प्रश्न पूछे गए और सही जवाब देने पर उनको इनाम दिया गया। प्राचार्य प्रदीप ने बच्चों को बताया कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारे देश की आत्मा है। यह हमारे विचारों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है, जो हमें एक-दूसरे से जोड़ती है और हमारी संस्कृति, परंपराओं एवं इतिहास को संजोकर रखती है।

## जितेंद्र डांडमा ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

**बाढड़ा।** कस्बे के ढिगावा रोड पर गांव कारी मोद के पास से गुजर रही एल पी जी गैस पाइपलाइन के कारण खोदी गयी सड़क पर गड्ढे होने की वजह से भूतपूर्व सैनिक काजला गांव जिला झुन्झुनूं राजस्थान निवासी माडू राम स्कूटी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहा से गुजर रहे सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र डांडमा ने उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया।

## हिन्दी सप्ताह के तहत प्रतियोगिताएं आयोजित

**भिवानी।** मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरक खुर्द में मातृभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए हिन्दी सप्ताह मनाया। जिसमे बच्चों के लिए अपनी मातृभाषा के प्रति अपने स्नेह को प्रकट करते हुए हिंदी विषय पर अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें सुलेख प्रतियोगिता ,श्रुतलेख प्रतियोगिता,अन्तर सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, दोहा वाचन, श्लोक वाचन, कविता पाठ का आयोजन करवाया गया । प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में कलाम सदन ने प्रथम स्थान , बोस सदन ने द्वितीय स्थान तथा आर्यभट्ट सदन ने तृतीया स्थान प्राप्त किया, दोहा वचन में वंशिका कक्षा पाँचवी प्रथम स्थान,गरिमा कक्षा तीसरी द्वितीय स्थान व आयुष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्लोक वाचन में काव्या कक्षा छठी प्रथम स्थान,माही कक्षा छठी द्वितीय स्थान व प्रतीक कक्षा आठवीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता वाचन में कावेरी कक्षा नौंवी प्रथम, तन्नू कक्षा दसवीं द्वितीय व रिया कक्षा नौंवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### जलभराव से किसानों की करीबन 100 एकड़ फसल हुई बर्बाद

# जलभराव से दुकानदार, किसान तथा ग्रामीण 25 दिन से परेशान

*दुकानदारों का हुआ लाखों रुपये का सामान खराब तो मकान, दुकान, शोरूम की दीवारों में आई दरारें*

**प्रशासन तथा सरकार के किसी नुमाइंदे ने नहीं ली सुध**

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

तोशाम शहर में सिवानी मार्ग पर पिछले करीबन 25 दिन से ड्रेन टूटने के कारण हुए जलभराव से किसानों की 100 एकड़ से अधिक फसल बर्बाद हो गई वहीं अनेक मकान, दुकान तथा शोरूम में जल भराव के कारण दरारें आ गई। इतना ही नहीं बल्कि पानी रुकने का नाम नहीं ले रहा और यह पानी तोशाम-सिवानी मार्ग पर तोशाम तथा गांव झांवरी के बीच सड़क पर तथा सड़क के आर पार होने से वाहनों तथा राहगीरों को भी अनेक तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पुरुषोत्तम गौड, सावित्री देवी, किसान कर्मवीर सिंह, मनीष जैन, रमेश, नरेश आदि ग्रामीणों ने कहा कि ऐसी स्थिति में भी अनेक दिन बीत जाने के बावजूद प्रशासन तथा सरकार के किसी नुमाइंदे ने आकर उनकी कोई सुध नहीं ली है और प्रशासन तथा सरकार कुंभकरनी नींद सोए हुए हैं। उल्लेखनीय है कि करीबन 25 दिन पहले गांव झांवरी के नजदीक ड्रेन टूटने से करीबन 100 एकड़ से अधिक खेत जलमग्न हो गए थे। यह पानी खेतों को चीरता हुआ सड़क तक आ पहुंचा और सड़क को भी पार करके सड़क के दूसरी तरफ अन्य खेतों में पहुंच गया। फसलों के साथ-साथ दुकान, मकान तथा शोरूम भी इस जलभराव की चपेट में आ गए।


तोशाम। जमा पानी का दृश्य। फोटो: हरिभूमि


बवानीखेड़ा। कस्बे की सड़कों पर जमा बारिश का पानी। फोटो: हरिभूमि

### रोजी-रोटी के भी लाले पड़े: कर्मवीर

इस दौरान जलभराव से प्रभावित किसान कर्मवीर ने बताया कि उनके स्वयं के करीबन 14 एकड़ खेत में खड़ी ग्वार तथा बाजरे की फसल पानी के कारण पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है जिससे उनके रोजी-रोटी के भी लाले पड़ गए हैं। दुकानदार संदीप जाटान ने बताया कि उन्होंने सीमेंट की एजेंसी ले रखी है और उनकी दुकान में रखे करीबन 800 बैग सीमेंट के पानी के कारण पूरी तरह से खराब हो गए जिससे उन्हें लाखों रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। वहीं शोरूम मालिक पुरुषोत्तम गौड ने बताया कि उन्होंने तोशाम-सिवानी मार्ग पर सड़क के किनारे अपने खून-पसीने की कमाई से शोरूम बनाया था लेकिन पानी खड़ा रहने की वजह से शोरूम की दीवारों में दरारें आ गई हैं जिससे शोरूम गिरने का खतरा बना हुआ है, लेकिन करीबन 25 दिन बित जाने के बाद भी आज तक प्रशासन तथा सरकार का कोई नुमाइंदा उनकी मदद के लिए नहीं पहुंचा है।

### बवानी खेड़ा में जलभराव की समस्या बनी जीवनशैली में रोड़ा

*बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा में बरसाती, खेतों के पानी, चोए के पानी, सीवरेज के गंदे पानी ने जीना दुभर कर दिया है। इस पानी की निकासी न होने के कारण जिंदगी की गाड़ी पर ब्रेक लग गया है। जिससे मार्किट की दुकानों पर भी ग्रहण लग गया है क्योंकि डूबे घरों के लोग पलायन कर गए और जिनके घरों के आगे पानी जमा है वे घरों से निकलने को मजबूर दिखाई देते हैं। उल्लेखनीय है कि इस बारिश ने 1995 में बाढ़ की स्थिति की याद दिलाते हुए उससे अधिक कहर बरपाया है। एक तरफ बारिश दूसरी तरफ खेतों का पानी गांवों, शहर में दस्तक दे गया जिससे लोग असहाय हो गए। वहीं शहर के सोबीर वाल्मीकि, प्रवीण कौशिक, बलजीत राना, भानु पारासर, परमजीत, जोगेन्द्र, धर्मेन्द्र बल्हारा, दिनेश, पंकज, रोहताश, अजीत ने बताया कि एक तरफ उनकों घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। बच्चों को गोदी में बिठाकर स्कूलों में छोड़कर व लाना पड़ता है।*


भिवानी। काउंटर खुलवाए जाने की मांग को लेकर मांगपत्र सौंपते हुए।

### बवानीखेड़ा खंड जलभराव की स्थिति

## समस्याओं के लिए तहसील कार्यालय में काउंटर स्थापित करें: तहसीलदार

■ बाढ़ पीड़ित फरियादी सहायतार्थ टीम ने नायब तहसीलदार से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

शुक्रवार को बवानीखेड़ा तहसील कार्यालय में बाढ पीडित फरियादी सहायतार्थ टीम ने नायब तहसीलदार से मुलाकात की। टीम के सदस्यों ने उक्त अधिकारी से बवानीखेड़ा खंड के अनेक गांवों में जलभराव की स्थिति की जानकारी तथा उन गांवों में पानी की निकासी के बारे में जानकारी लेनी चाही। एकबारगी तो अधिकारी तैश में आ गए,अगले ही पल कानूनगो ने जलभराव की स्थिति की जानकारी दी। करीब आधे घंटे तक माहौल गरम रहा। बाद में जानकारी देने के बाद मामला शांत हो गया।

जानकारी के अनुसार हरियाणा जागृति मोर्चा द्वारा गठित बाढ पीड़ित फरियादी सहायतार्थ टीम के सदस्य नायब तहसीलदार के पास पहुंचे और उनसे बवानीखेड़ा कस्बे के अलावा आसपास के गांवों में जलभराव के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया। एकबारगी तो उनसे जानकारी लेने लगे तो अधिकारी तैश में आ गए,लेकिन बाद में बताया गया कि आप उक्त इलाके के डयूटी मजिस्ट्रेट हो तो वे शांत हो गए।

**कॉलोनियां जलमग्न**

मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू ने बताया कि बवानीखेड़ा कस्बे के अलावा आसपास के गांवों में जलभराव की वजह से अनेक कॉलोनियां जलमग्न है। उनमें रहने वाले लोग घरों में ही कैद है। फसल व क्षतिग्रस्त हुए मकानों की शिकायत अधिकारी तक पहुंचाने के लिए मोर्चा ने तहसील परिसर में ही एक फरियादी कक्ष बनाया है। उसमें लोगों की शिकायतें लेकर नायब व तहसील दार के कार्यालय में जमा करवाई जा रही है। ताकि लोगों को सहायता के लिए दर दर न भटकना पड़े। फरियादी कक्ष में रामकिशन काजल, एडवोकेट संदीप नोटरी पब्लिक, कुलदीप, कर्णसिंह नम्बरदार आदि बैठकर लोगों की समस्याओं को अधिकारियों तक पहुंचाने में मदद कर रहे है।

## हिन्दी संस्कार और विरासत की भाषा

■ हिंदी केवल भाषा नहीं है भावनाओं का भवन : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

हिंदी केवल भाषा नहीं है भारत की भावनाओं का भवन है। यह हर भारतीय की धड़कन से जुड़ी हुई है।भारत को स्वतंत्र करने में एक संपर्क भाषा के रूप में जाने वाली भाषा है । यह संस्कार और विरासत की भाषा है। उक्त विचार हिंदी सप्ताह के अंतर्गत आयोजित हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर आर्य वमावि झोझू कलां के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने व्यक्त किए। हिंदी सप्ताह के अंतर्गत आर्य वमावि झोझू कलां में अंतर सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।


चरखी दादरी। कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली बच्चे। फोटो: हरिभूमि

### दयानंद सदन ने प्रतियोगिता में मारी बाजी

प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद सदन से पूर्वी लकी उपासना और पलक ने भाग लिया। भगत सिंह सदन की ओर से रिद्धि, खुशबू, भूमिका, साक्षी ने भाग लिया। दयानंद सदन की ओर से वंश, वंशिका कीर्ति ,देवीका का ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सुभाष सदन की ओर से अंश ,दिव्या, रूपेंद्र ,प्रियंका ने अपने सदन की भागीदारी सुनिश्चित की। प्रतियोगिता का संपूर्ण संचालन गतिविधि प्रभारी मुकेश जांगड़ा व संदीप जांगड़ा के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता विभिन्न पांच चरणों में आयोजित की गई। जिनमें प्रमुख थे लोकोक्तियां मुहावरे, कवि, लेखक पुरस्कार, अभिव्यक्ति के साधन, हिंदी साहित्य का उद्भव एवं विकास,और हर दिल की भाषा हिंदी। विभिन्न पांच चरणों में सभी सदनों के बीच रोचक मुकाबला रहा । अंत में बहुत ही रोचक मुकाबले में दयानंद सदन के प्रतिभागियों ने 100 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## पोस्टर मेकिंग और लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**बहल।** बीआरसीएम शिक्षण संस्थान के जीडीसी महाविद्यालय में हिंदी विभाग के अंतर्गत हिंदी दिवस के उपलक्ष में चल रहे हिंदी पखवाड़े में पोस्टर मेकिंग एवं श्रुत लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता में हिंदी विभागाध्यक्ष मनोज कुमार ने हिंदी भाषा के कौशलों पर प्रकाश डालते हुए हिंदी भाषा की उत्पत्ति, चित्र व वाचन शैली के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होनें प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों को चित्र एवं वाचन शैली की संक्षिप्तता, गद्य की अनिवार्यता, व्यक्तित्व की प्रधानता, सजीवता व भाषा शैली तत्वों के बारे में विस्तार से समझाया। प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष से डिंपल ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, बीए प्रथम वर्ष से नीतू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## पुलिस कर्मचारियों के साथ कथित दुर्व्यवहार के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

■ पुलिस का मनोबल गिराती है पुलिकर्मियों से उत्पीड़न की घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा पुलिस की आवाज संगठन के बैनर तले शुक्रवार को पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भिवानी के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए पुलिस कर्मचारियों के साथ हो रहे कथित दुर्व्यवहार और उत्पीडऩ पर चिंता जताई है। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार मलिक व सीआईडी के पूर्व इंस्पेक्टर आजाद सिंह ढांडा ने कहा कि कुछ पुलिस अधिकारियों को बिना किसी ठोस कारण के निलंबित या बर्खास्त किया जा रहा है, जिससे पुलिस बल का मनोबल गिर रहा है। उन्होंने पुलिसकर्मियों की समस्याओं पर तत्काल ध्यान देने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि विभाग के भीतर कुछ ऐसे अधिकारी हैं, जो अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं और निचले स्तर के कर्मचारियों पर अनुचित दबाव डाल रहे हैं। ज्ञापन में विशेष रूप से कैथल में एक इंस्पेक्टर के हवालात में होने का जिक्र किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि वे पुलिस विभाग की छवि को बेहतर बनाने के लिए उचित कदम उठाएं। इस अवसर पर रोशन लाल, सुनील, अशोक कुमार, कमल प्रधान, अशोक सहित, महा सिंह रंगा, रिटायर्ड डीएसपी हरनारायण आदि मौजूद रहे।


भिवानी। एसपी को मांगपत्र सौंपते हुए। फोटो: हरिभूमि

## पुर रोड पर बस्ती में सप्लाई में आ रहा सीवरेज का पानी, वार्डवासी परेशान

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के पुर रोड़ पर बस्ती में पीने के पानी की जगह गंदा सीवरेज का पानी सप्लाई हो रहा है जिससे वार्डवासियों में रोष व्याप्त है। वार्डवासियों में प्रवीण हंस, काजल, रवि कुमार, जयभगवान, सतबीर आदि ने बताया कि एक तरफ बारिश के पानी से परेशान है, सड़कों पर पानी जमा है, आने जाने का रास्ता नहीं है। पीने के पानी की जगह विभाग गंदा पानी सप्लाई कर रहा है जिसे सेवन क्या हाथ भी नहीं धोए जा सकते। बदबूदार पानी आने से घर में बैठना दुभर हो गया है। लोगों ने बताया कि विभाग को इसकी सुध लेते हुए स्वच्छ जल की सप्लाई करवानी चाहिए ताकि वार्डवासियों को दिक्कतों का सामना ना करना पड़े।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## गोरक्षा दल भिवानी ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

■ गोरक्षा दल भिवानी ने श्राद्ध अमावस्या पर सडक पर गोग्रास देने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की

**भिवानी।** भिवानी में गोरक्षा दल ने श्राद्ध अमावस्या के अवसर पर सडक़ों पर खड़े गोवंश को गोग्रास देने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए भिवानी-महेंद्रगढ़ क्षेत्र से लो क स भा सांसद चौ. धर्मबीर सिंह को एक ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन 21 सितंबर को आने वाली श्राद्ध अमावस्या के मद्देनजर दिया गया है। गोरक्षा दल का कहना है कि अत्यधिक मात्रा में गौग्रास खाने से गोवंश की मौत हो सकती है, और यह सिलसिला पिछले सालों से चला आ रहा है।

## फिजिकल वैरिफिकेशन करवाएं

■ सेटेलाइट से सही गिरदावरी नहीं हो पाएगी : फौजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने कहा कि सरकार ड्रोन या सेटेलाइट से जलभराव वाले इलाके की गिरदावरी करवा रहा है। जो कि सरासर गलत है। क्योंकि सेटेलाइट व ड्रोन आदि से बर्बाद फसलों व खेतों में जमा पानी की सही जानकारी नहीं मिल पाएगी। यह तो केवल उन इलाकों के ही फोटो खींच पाएगी। ज्यादा पर बहुत ज्यादा पानी है। जबकि अनेक खेत ऐसे है। जिनमें पानी जमा है और फसलें बर्बाद हो चुकी है। वे अब सेटलाइट से भी नजर नहीं आ रही।


भिवानी। किसानों से बातचीत करते पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी।

### खरीफ की फसल तो पूरी तरह से खतम हो गई

अगर सेटलाइट से गिरदावरी की गई तो अनेक किसान रह जाएंगे। जिनके खेतों में पानी से फसलें बर्बाद हो चुकी है। वे आज बवानीखेड़ा में किसानो से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जब तक सरकारी नुमाइंदा खेतों में जाकर नहीं देखेगा तो उनको नुकसान का क्या पता चल पाएगा। खेतों में जाने के बाद ही जानकारी मिल पाएगी कि खेतों में जमा पानी की वजह से खरीफ की फसल तो पूरी तरह से खतम हो गई और अब रबी फसल की भी बिजाई नहीं हो पाएगी।

## पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, निबंध लेखन व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**चरखी दादरी।** महिला कॉलेज झोझू कलाँ में स्वच्छता सप्ताह अभियान के तीसरे सप्ताह में एनएसएस इकाई प्रथम व द्वितीय द्वारा पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, निबंध लेखन व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान मनीषा, द्वितीय व तृतीय स्थान पर शशी व कविता रही। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. मुन्नी चौधरी व डॉ. मन्जीत कुमारी ने निभाई। स्लोगन लेखन में सोनिया, शशी व पल्लवी, निबंध लेखन में प्रीती, शशी व भावना व भाषण प्रतियोगिता में पल्लवी, भावना व शशी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. वन्दना बेनीवाल, व डॉ. सुमित्रा कुमारी व डॉ. पूनम सांगवान ने निभाई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शर्मिला कुमारी व डॉ. मन्जू सांगवान ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से छात्राओं में सफाई करने के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

### भाषण, चित्रकला, रंगोली व नाटक प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने लिया भाग

# महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत लिटिल हार्ट पब्लिक स्कूल में भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

श्री अग्रवाल सभा (रजि.) भिवानी द्वारा आयोजित 16 दिवसीय महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव की भव्य श्रृंखला के छठे दिन शुक्रवार को स्थानीय हालुवास गेट स्थित लिटिल हार्ट पब्लिक स्कूल में एक शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान भाषण, चित्रकला, रंगोली और नाटक प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही महाराजा अग्रसेन के जीवन आदर्शों को भी जीवंत किया। यह कार्यक्रम समाजसेवी त्रिलोकचंद गोयल के सान्निध्य में संपन्न हुआ। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने अपनी कला और रचनात्मकता से सभी का मन मोह लिया। उन्होंने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश दिया कि महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं।




### नई अनाज मंडी में होगा कवि सम्मेलन

महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीअग्रवाल सभा रजि. भिवानी द्वारा आयोजित करवाए जा रहे कार्यक्रमों की कड़ी में 13 सितंबर को स्थानीय नई अनाज मंडी में एक भव्य विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन शाम 8 बजे से किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए श्रीअग्रवाल सभा रजि. भिवानी के प्रधान सुनील सर्राफ ने बताया कि कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल होंगे। विधायक घनश्याम सर्राफ अध्यक्षता करेंगे ।यह कार्यक्रम देश के सबसे प्रतिष्ठित कवियों की मेजबानी करेगा, जो अपनी रचनाओं और काव्यात्मक प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। उन्होंने बताया कि कवि सम्मेलन में डा. हरिओम पंवार, डा. सरिता शर्मा, दिनेश रघुवंशी,चिराग जैन, अनिल अग्रवंशी, प्रीति अग्रवाल, दीपक सैनी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। उन्होंने कहा कि यह कवि सम्मेलन न केवल महाराजा अग्रसेन जयंती का उत्सव मनाने का एक हिस्सा है, बल्कि यह साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने का भी एक प्रयास है।

## जबरन वसूली का आरोपित गिरफ्तार

**भिवानी।** जिला पुलिस भिवानी के द्वारा जिले में आर्थिक रूप से परेशान व्यक्तियों को ज्यादा ब्याज पर रुपये देकर उनके साथ मारपीट कर डरा धमकाकर जबरन वसूली करने वाले सूदखोर लोगों के विरुद्ध जिला पुलिस भिवानी ने अभियान चलाया हुआ है। थाना शहर पुलिस भिवानी ने जबरन वसूली करने, मारपीट करने के मामले में एक सूदखोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अनूप निवासी बावड़ी गेट ने थाना शहर पुलिस भिवानी को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने अदमयावीर से 11 मई को 4,500 रुपए उधार लिए थे। उसने 18 अगस्त को आरोपी को 6,000 रुपए वापस कर दिए थे। 19 अगस्त को अदमयावीर ने उससे जबरन 600 की ओर वसूली की थी।